>

Title: Need to provide special package to the drought affected districts of Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): महोदया, बिहार एक ऐसा राज्य है, जिसे हर साल बाढ़ और सूखे का सामना करना पड़ता है। विगत वर्षों में कोसी में प्रलयकारी बाढ़ के कारण बिहार के लोग उभर भी नहीं पाए थे कि इस साल बिहार में बारिश नहीं होने के चलते बिहार के 28 जिले सूखे की चपेट में आ गए। वहां रोपनी नहीं हो पा रही है और तालाब सूख गए हैं। आदमी के साथ-साथ पशु पक्षी भी मरने के कगार पर पहुंच गए हैं। रोहतास-कैमूर का जो जिला है, उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के पठारी इलाकों में आजादी के इतने वर्षों के बाद भी वहां अनुसूचित जाति और जनजाति के जो लोग हैं, वे नदी का पानी पीते हैं। अब वहां ऐसी स्थिति हो गई है कि उन्हें नदी का पानी भी पीने के लिए नहीं मिल रहा है, इसलिए वहां पानी की व्यवस्था की जाए। बिहार के जो जिले सूखे से प्रभावित हैं, वहां तुंत विशेष पैकेज दे कर राहत कार्य चलाया जाए और किसानों का ऋण माफ किया जाए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): महोदया, मैं अपने को इस विषय से सम्बद्ध करता हूं।